आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.06.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश की सुदूर बसाहटों में 21 हजार 630 करोड़ रूपये में बनेगी सड़कें
- जन मन सर्वेक्षण के पहले दिन ही मिली देश भर से पांच लाख से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाएं
- जिलों की दीर्घकालीन विकास योजनाएं बनाने के लिए सभी जिलों में बनेगी जिला विकास सलाहकार समिति
- आंधी-बारिश का दौर थमते ही प्रदेश में शुरू हुआ तेज गर्मी का दौर ।

समाचार विस्तार से.

**मंत्रिमंडल फैसले**

राज्य मंत्रि-परिषद द्वारा आज मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश के सुदूर बसाहटों जैसे मजरा,टोला,धोनी, और पुरा इत्यादि को बारहमासी सड़क सम्पर्क प्रदान करने के लिए 21 हजार 630 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति की गयी है। इस योजना का क्रियान्वयन 2 चरणों में किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इस दौरान कुल 30 हजार 900 किलोमीटर मार्ग का निर्माण होगा।

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में तुअर दाल उद्योगों की आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश में बाहर से आयातित तुअर पर मंडी शुल्क से पूर्णतः छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। छूट दिए जाने से प्रदेश में तुअर दाल की पर्याप्त उपलब्धता होगी। मंत्रि-परिषद द्वारा झाबुआ, सिंगरौली, देवास और नर्मदापुरम में कामकाजी महिलाओं के लिए 4 वर्किंग वूमन हॉस्टल के निर्माण का सैद्धांतिक अनुमोदन दिया गया है।

**सरकार के 11 साल_रक्षा**

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्ष में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम आत्मनिर्भरता के माध्यम से रक्षा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक शक्ति बनाने के प्रयासों पर जानकारी दे रहे हैं।

**तबादला अवधि बढ़ी**

प्रदेश में तबादला अवधि दूसरी बार बढ़ाने का फैसला लिया गया है। अब 17 जून तक तबादले किए जा सकेंगे। विभागों में तबादलों की अवधि आज खत्म हो रही थी। राज्य मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में कई मंत्रियों ने तबादले का समय बढ़ाने की मांग की। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि शिक्षा विभाग का पोर्टल समय पर तैयार नहीं होने के कारण 10 जून की स्थिति में तबादले नहीं हो सकेंगे। इसलिए इसे 17 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया।

**जन मन सर्वेक्षण**

नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर नरेन्द्र मोदी ऐप या नमो ऐप पर शुरू किए गए जन मन सर्वेक्षण के पहले दिन ही देश भर से पांच लाख से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल देशवासियों से पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा के सर्वेक्षण में शामिल होने का आग्रह किया था। यह सर्वेक्षण लोगों को सरकार के साथ अपनी प्रतिक्रिया और राय सीधे साझा करने के लिए मंच प्रदान करता है। यह सर्वेक्षण सुनिश्चित करता है कि लोगों की आवाज़ सुनी जाए और भविष्य की नीतियों को बनाने में विचार किया जाए।

**मुख्यमंत्री 11 साल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश का रक्षा क्षेत्र सुदृढ़ हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को बताया कि वर्ष 2014 के मुकाबले भारत में स्वदेशी रक्षा उत्पादन 174 प्रतिशत बढ़कर 1 लाख 27 हजार 434 करोड़ रुपए से अधिक पहुंच गया है, वहां भारत अब दुनिया का 5वां सबसे बड़ा रक्षा निर्यातक बन गया है। यह निर्यात 100 से अधिक देशों तक फैला हुआ है, जो 2014 में लगभग शून्य था।

**जिला विकास सलाहकार समिति**

राज्य मंत्रि-परिषद द्वारा जिले के विकास योजना के लिए रोडमेप तैयार करने और जिले की दीर्घकालीन विकास योजनाएं बनाने के लिए सभी जिलों में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किये जाने का अनुमोदन दिया गया है । जिला विकास सलाहकार समिति में जिले के प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। सांसद, जिले के समस्त विधायक, जिला मुख्यालय के महापौर या नगरपालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के सभी जनपद अध्यक्ष के साथ उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाज सेवी, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति के उद्देश्यों में जिले की

जनता, जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएँ बनाना है।

**मौसम**

आंधी-बारिश का दौर थमते ही मध्यप्रदेश में तेज गर्मी पड़ रही है।

राजधानी भोपाल सहित कई शहरों में तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है.

और जानकारी दे रहे हैं हमारे भोपाल संवाददाता:

**वटसावित्री व्रत**

प्रदेश में कल वटसावित्री व्रत विधान के अंतर्गत वटवृक्ष की पूजा की जाएगी। कुछ स्थानों पर आज भी यह पूजा की गयी. हालाँकि उदय व्यापिनी ज्येष्ठ पूर्णिमा पर वट सावित्री व्रत संपन्न किए जाने का विधान है इसलिए कल वटवृक्ष की पूजा होगी। शास्त्रों के मतानुसार वटवृक्ष में त्रिदेवों सहित सावित्री को प्रतिष्ठित बताया गया है, अतः सुहागिन महिलाओं द्वारा वटवृक्ष की इसी रूप में पूजा कर व्रत का अनुष्ठान किया जाता है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में**

- सागर में शासकीय विद्यालयों में भाड़े के शिक्षक रखने वाले पांच शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है ।
- राजगढ़ में किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी।
- मंदसौर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों एवं प्रचार प्रसार के लिए आज पुलिस लाइन ग्राउंड में योगाभ्यास सत्र आयोजित किया गया।
- देवास जिले में आज विकासखंड बागली के ग्राम लसुड़िया हातु में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- बैतूल में मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा कल शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक और जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 12 जून को आयोजित की जाएगी।

- नीमच में जिला पंचायत सीईओ एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने आज जनसुनवाई करते हुए 143 आवेदकों की समस्याएं सुनी. और
- मंडला जिला में नवतपा जैसी गर्मी पड़ने के बाद देर शाम मौसम बदला और शाम 6 बजे के लगभग गरज तड़क के साथ बारिश शुरू हो गई।

.................................